卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 205 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦2 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# कांग्रेस को झटका, कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## रूद्रपुर की पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा सहित कई दिग्गजों ने छोड़ी पार्टी, प्रदेश मुख्यालय पर महेंद्र भट्ट ने दिलाई सदस्यता





देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आगामी राजनीतिक चुनौतियों से पूर्व भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस अपने कुनबे को मजबूत करने में जुट गई हैं। इसी सिलसिले में शनिवार को राजधानी देहरादून स्थित भाजपा मुख्यालय में एक सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रूद्रपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व रुद्रपुर नगर पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा सहित कई प्रमुख चेहरों ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा, महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व वर्ष 2022 में रुद्रपुर से विधानसभा प्रत्याशी रहीं मीना शर्मा और घनसाली से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दर्शन लाल आर्य ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी नवागंतुक नेताओं को पार्टी का पटका पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर विधिवत स्वागत किया। इस दौरान भाजपा मुख्यालय में सुबह से ही भारी चहल-पहल और उत्साह का माहौल देखा गया। रूद्रपुर से कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा कई समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा संग राजधानी देहरादून पहुंची। देहरादून में श्रीमती शर्मा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर राजनैतिक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की और इसके बाद विधिवत रूप से उन्होंने सदस्यता ग्रहण कर ली। गौरतलब हो कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा के मध्य कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। श्री ठुकराल द्वारा पिछले (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पत्नी मायके से नहीं लौटी तो युवक ने लगा ली फांसी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र में करीब दो माह से पत्नी के मायके से वापस न लौटने से क्षुब्ध युवक ने शुक्रवार की सायं घर में फांसी लगा ली। परिजनों से सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला रविन्द्र नगर निवासी 30 वर्षीय समीर विश्वास पुत्र तपन सब्जी मंडी में परिजनों के साथ चाय समोसे बेचने का कारोबार करता था। वर्तमान में सिलेंडर न मिलने के कारण कारोबार प्रभावित होने से वह घर पर ज्यादा रहता था। उसका विवाह करीब 4 वर्ष पूर्व हस्तिनापुर उप्र निवासी सावित्री से हुआ था। वर्तमान में उसका लगभग 3 वर्षीय पुत्र दिवांश है। बताया जाता है कि समीर और उसकी पत्नी सावित्री के मध्य किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था। जिसके चलते सावित्री होली पर्व पर अपने पुत्र दिवांश को साथ लेकर मायके हस्तिनापुर चली गई थी और तब से वह वापस नहीं आ रही थी। समीर ने उसे बुलाने की काफी कोशिश भी की परंतु सावित्री ने उसकी एक न सुनी। बताया जाता है कि शुक्रवार को समीर दोपहर कमरे में था। जब वह रोज की तरह खाना खाने के लिए परिजनों के पास नहीं आया तो परिजन शाम को उसे देखने के लिए उसके घर में पहुंचे जहां कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। आवाज लगाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने खिड़की से भीतर झांका तो उन्हें समीर पंखे से फांसी पर लटका दिखाई दिया। शोर की आवाज सुनकर आसपड़ोस के लोग भी आ गये। मामले की सूचना मिलने पर आवास विकास चौकी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला और समीर को फांसी से उतार कर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर समीर का मोबाईल अपने कब्जे में (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने गटका जहर, गंभीर



रामनगर। शनिवार की सुबह नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग स्थित भवानीगंज इलाके में हल्द्वानी निवासी एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। युवती के बेहोश होकर गिरने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर सभासद प्रतिनिधि जफर ने एक अन्य महिला की मदद से तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर युवती को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मौके पर मौजूद भीड़ तमाशबीन बनी रही, लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान एक युवक को भारी मात्रा में अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 11.15 ग्राम स्मैक, नकद धनराशि, मोबाइल फोन और बिना कागजात की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। किच्छा कोतवाली के उप निरीक्षक पवन जोशी ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस टीम आजाद नगर और बंगाली कॉलोनी होते हुए मलपुरा सोनेरा फार्म कब्रिस्तान क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कब्रिस्तान के पास एक व्यक्ति काली स्प्लेंडर बाइक संख्या यूके 06बीएल 3289 के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबराने लगा और बाइक स्टार्ट कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बलविंदर सिंह पुत्र फुम्मन सिंह निवासी लालपुर वार्ड नंबर 03 किच्छा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पारदर्शी पन्नी बरामद हुई, जिसमें भूरे रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला। इलेक्ट्रॉनिक तराजू (शेष पृष्ठ सात पर)

# गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 993 रुपये और 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर में 261 रुपये की भारी बढ़ोतरी के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। रुद्रपुर में कांग्रेस पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हाथों में गैस सिलेंडर उठाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की।काशीपुर बायपास स्थित इंडियन गैस एजेंसी के सामने एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए थाली बजाई और गैस सिलेंडर को उठाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में हुई इस बेतहाशा वृद्धि का सीधा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चाट, चाय, टिक्की, भोजनालय और होटल-रेस्टोरेंट संचालकों के लिए व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा, जिससे अंतत: आम जनता की जेब पर ही बोझ बढ़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि आम आदमी पहले ही कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त है, ऐसे में सरकार द्वारा राहत देने के बजाय कीमतों में बढ़ोतरी करना संवेदनहीनता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इन बढ़ी हुई कीमतों को वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, मोनिका (शेष पृष्ठ सात पर)

# पत्र वायरल होने के बाद पाण्डे के खिलाफ मुखर हुए भाजपा नेता

## जिस दिन से धामी सीएम बने, कुछ लोगों के पेट में दर्द होने लगा: शुक्ला



रुद्रपुर/किच्छा। उत्तराखंड की सियासत में बयानबाजी तेज होती जा रही है। किच्छा के पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला ने सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय पर तीखा हमला बोला है। शुक्ला ने आरोप लगाया कि पांडेय कांग्रेस के कंधे पर बंदूक रखकर भाजपा सरकार और संगठन को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।शुक्ला ने अपने बयान में सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल तक जो पत्र पहुंचा, वह आखिर कैसे पहुंचा। यदि पांडेय ने पत्र नहीं भेजा, तो फिर वह कांग्रेस तक कैसे पहुंच गया। उन्होंने इसे साजिश करार देते हुए कहा कि यह पूरा घटनाक्रम भाजपा की छवि खराब करने के उद्देश्य से रचा गया है।उन्होंने कहा कि जिस दिन पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री पद संभाला, उसी दिन से कुछ लोगों को परेशानी होने लगी और तभी से सरकार को अस्थिर करने के प्रयास शुरू हो गए। शुक्ला ने आरोप लगाया कि कुछ नेता व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते पार्टी और सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में लगे हुए हैं।शुक्ला ने अपने बयान में कहा कि बुक्सा और सिख समाज को न्याय दिलाने की बात करना गलत नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

## नामधारी ने की पांडे पर गंभीर आरोपों की बौछार



रुद्रपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की हालिया प्रेसवार्ता में जारी बयान के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। भाजपा नेता सुखदेव सिंह नामधारी ने शुक्रवार देर शाम प्रेसवार्ता कर गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय पर तीखा हमला बोला और कई गंभीर आरोप लगाए।नामधारी ने कहा कि उन्हें पहले से ही इस तरह की स्थिति का अंदेशा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पांडेय कांग्रेस के इशारे पर सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं और भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का ठेका उठा रखा है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मांग की कि पांडेय को शीघ्र पार्टी से बाहर किया जाए।उन्होंने यह भी दावा किया कि पांडेय के खिलाफ 30 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नामधारी ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में पांडेय ने सरकार पर दबाव बनाकर मुकदमे वापस करवाए।इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा मंत्री रहते हुए पांडेय पर भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिजनों को लाभ पहुंचाने के लिए पद का दुरुपयोग किया। नामधारी ने सवाल उठाया कि पांडेय किन (शेष पृष्ठ सात पर)

# कुंभ नगरी को सजाने-संवारने की कवायद तेज

## मेलाधिकारी सोनिका ने अनेक क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर तैयारियों को परखा

हरिद्वार। हरिद्वार में अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने कुंभ नगरी को सजाने-संवारने की मुहिम तेज कर दी है। मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने इस मुहिम के तहत शुक्रवार को दिन भर अनेक क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर कुंभ मेले से संबंधित तैयारियों एवं प्रस्तावित कार्यों का जायजा लिया।भ्रमण के दौरान मेलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित कार्यों को समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सुगमता, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र के व्यापारियों एवं अन्य हितधारकों से बातचीत कर उनके सुझाव भी लिए।इस दौरान मेलाधिकारी ने बुद्ध पूर्णिमा स्नान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालुओं से भी संवाद किया, उन्हें आगामी कुंभ मेले का आमंत्रण दिया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया।शुक्रवार दोपहर मेलाधिकारी ने तुलसी चौक, रेलवे स्टेशन, अपर रोड और



हरकी पैड़ी क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर वहां चल रहे और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सीवरेज लाइन निर्माण एवं सड़कों के अनुरक्षण से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कुंभ मेले के अंतर्गत इस क्षेत्र की आंतरिक सड़कों और गलियों का भी सुधार किया जाएगा।व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कुंभ नगरी को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। श्रद्धालुओं की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण के साथ भवनों के अग्रभाग (फसाड) को भी संवारा जाएगा।मेलाधिकारी ने मनसा देवी पैदल मार्ग एवं मंदिर परिसर का निरीक्षण कर स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मेलाधिकारी ने हरकी पैड़ी क्षेत्र के घाटों और पुलों सहित भीमगोडा पुल, हाथी पुल, ललतारौ पुल, बाल्मीकि चौक, निरंजनी अखाड़ा मार्ग एवं आसपास के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थानों पर बेहतर अनुरक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ मेले के लिए हरिद्वार के हेरिटेज मार्गों तथा साधु-संतों की पेशवाई और अमृत स्नान मार्गों को विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है।मेलाधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर जनसुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण के सचिव श्री मनीष कुमार एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुश भी उपस्थित रहे।

# मानसून से पूर्व चारधाम यात्रा मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में चारधाम यात्रा मार्गों के मानसून सीजन से पहले सुदृढ़ीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, बीआरओ, एनएचआई और राष्ट्रीय राजमार्ग के उच्चाधिकारियों के साथ यात्रा को सरल व सुगम बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पहले यात्रा मार्गों के अंतर्गत आने वाले सभी भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का ट्रीटमेंट कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिया जाए।



मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रा मार्गों पर मौजूद उन संकरी जगहों और बाधाओं (बोटलनेक्स) के सुधारीकरण पर विशेष बल दिया जो यातायात के प्रवाह को प्रभावित करते हैं। साथ ही उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक उपकरणों और मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आपात स्थिति या भूस्खलन की स्थिति में तत्काल मार्ग खोला जा सके।इस बैठक में डीजी बीआरओ ले. जे. हरपाल सिंह, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय सहित एनएचएआई व टीएचडीसी के वरिष्ठ अधिकारी और उत्तरकाशी, टिहरी एवं चमोली जनपद के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के तीन दिवसीय दौरे की तैयारियां तेज

देहरादून। उत्तराखंड में राज्य भाजपा के दो सर्वे, पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अप्रत्यक्ष रूप से कार्यकर्ताओं में जोश भरने के बाद अब राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के तीन दिवसीय दौरे की तैयारी तेज हो गई है। इस दौरान सभी 70 विधानसभा सीटों पर जीत के दावेदारों पर मंथन होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन आगामी चुनावी तैयारियों के नजरिए से राज्य भाजपा के लिए अहम है। इस बार भाजपा समय रहते एक-एक सीट पर मंथन करेगी। विधायक को फिर से टिकट देना है या नए मजबूत दावेदार होंगे। कुछ सीटों पर ये भी देखा जाएगा कि दूसरे दलों के मजबूत दावेदारों को भाजपा से टिकट दिया जाए। इन सभी संभावनाओं पर तीन दिन तक राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंथन करने वाले हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस प्रवास में मंडल से लेकर प्रदेश और सरकार में कैबिनेट मंत्रियों की बैठक लेंगे। इस दौरान वे बलबीर रोड



स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक लेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद समेत कोर कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। आगामी विधानसभा चुनाव रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। प्रदेश संगठन की ओर से राज्य के वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य का खाका खींचते हुए, विधानसभावार पार्टी की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार के कामों का जनता पर प्रभाव, विधायकों के प्रदर्शन और क्षेत्रवार मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पार्टी पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसमें सांगठनिक कार्यक्रमों की समीक्षा और 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर आवश्यक रणनीतिक विशेष सुझाव भी दिए जाएंगे। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात के साथ साथ एक जिले और एक मंडल स्तर की पदाधिकारी बैठक लेकर वह जमीनी तैयारी को भी परखेंगे।

# प्रेमनगर में निजी विश्वविद्यालय में हंगामा लाठीचार्ज के बाद दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

देहरादून। प्रेमनगर क्षेत्र स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में प्रस्तावित फेस्ट के दौरान शुक्रवार को तनाव की स्थिति पैदा हो गई। अनुमति निरस्त होने के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र परिसर के बाहर एकत्र हो गए। देखते ही देखते मौके पर भीड़ बढ़ी और सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने जाम खुलवाया और छात्रों को छात्रों को समझने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस के साथ बदतमीजी कर दी। इसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज किया। छात्रों को पीटने के वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने मामले की विभागीय जांच और दो पुलिस कर्मचारियों को लाइन हाजिर करने के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि जाम की सूचना पर प्रेमनगर थाने से एसएसआई पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ छात्रों ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार किया, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। घटना गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, विश्वविद्यालय परिसर में



के वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। लाठीचार्ज की कार्रवाई को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही प्रथम दृष्टया कार्रवाई करते हुए दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का सख्त संज्ञान लेते हुए दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल के निर्देश पर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# यात्रियों से भरे टेंपो ट्रैवलर के हुए ब्रेक फेल

टिहरी। दिल्ली से गंगोत्री जा रहा एक टेंपो ट्रैवलर नगुन-सुवाखोली मोटर मार्ग पर नागराजा धार के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन में सवार पांच यात्री चोटिल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, टेंपो ट्रैवलर में 23 यात्री सवार थे, जो गंगोत्री धाम की ओर जा रहे थे। करीब 2:15 बजे नागराजा धार के पास अचानक वाहन के ब्रेक फेल हो गए। इससे वाहन अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गया। गनीमत रही कि वाहन सड़क के बाहर खाई की ओर जाने के बजाय अंदर की तरफ नाली में फंस गया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में कपिल अरोड़ा, डिंपी, ध्रुव, नीता और प्रेम दास (सभी निवासी पंतनगर, जगपुरा, दिल्ली) चोटिल हो गए। प्राथमिक उपचार के लिए सभी को चिन्यालीसौड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# सीएम धामी ने डोल आश्रम में किया कन्याओं का पूजन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। डोल स्थित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1100 कन्याओं का पूजन कर माँ राजेश्वरी का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की।डोल आश्रम में आगमन पर मुख्यमंत्री द्वारा आश्रम परिसर में स्थापित श्रीयंत्र एवं यहां संचालित आध्यात्मिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि यहाँ स्थापित दुनिया के सबसे बड़े श्रीयंत्र को देखकर एक विशेष आध्यात्मिक अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि बाबा कल्याणदास जी की साधना एवं तपस्या के कारण यह स्थान आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। साथ ही उन्होंने बाबा कल्याणदास जी द्वारा वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक चेतना के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आश्रम धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक साधना एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या प्रदेश में विकसित हो रही बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का परिणाम है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक मोहन सिंह मेहरा, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।







# निजी विद्यालयों की मनमानी पर चला जिला प्रशासन का चाबुक, 17 स्कूलों को थमाया नोटिस

## महंगी किताबों और अवैध शुल्क पर सख्ती, 15 दिन में जवाब तलब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद में शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और अभिभावकों पर पड़ रहे अनावश्यक आर्थिक बोझ को कम करने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने हल्द्वानी, रामनगर और भीमताल क्षेत्र के 17 प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों को नोटिस जारी किया है। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई निजी विद्यालय एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें अनिवार्य कर रहे हैं। साथ ही अभिभावकों पर विशेष दुकानों से ही किताबें और शैक्षिक सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। जांच में सामने आया है कि कई कक्षाओं में किताबों का अनुपात दो से तीन गुना तक अधिक है और विद्यालयों की वेबसाइट पर अनिवार्य सूचनाओं का अभाव है। जिला प्रशासन ने इसे शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009, सीबीएसई



दिशा-निर्देशों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का उल्लंघन मानते हुए अनुचित व्यापार व्यवहार करार दिया है। जिन विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है उनमें देवभूमि सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानपुर पश्चिम, गुरु द्रोणा पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल, बीएलएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वुडब्रिज स्कूल भीमताल, मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरुमदारा रामनगर, ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल रामनगर, गार्डन वैली पब्लिक स्कूल रामनगर, आर्यमन विक्रम बिड़ला स्कूल हल्द्वानी, दून पब्लिक स्कूल नवाबी रोड, विस्डम पब्लिक स्कूल रामपुर रोड, इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर रोड, किंग्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शेमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोटाहल्दू और हिमालया विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि विद्यालय 15 दिन के भीतर संशोधित बुक लिस्ट जारी करें और केवल आवश्यक व एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों को ही प्राथमिकता दें। किसी भी विशेष वेंडर या दुकान की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त करने के साथ ही वेबसाइट पर बुक लिस्ट और फीस संरचना को सार्वजनिक करना होगा। साथ ही विद्यालयों को आदेश दिया गया है कि वे अभिभावकों से लिए गए अतिरिक्त शुल्क का समायोजन या रिफंड करें। निर्देशों का पालन न करने वाले विद्यालयों की मान्यता निलंबन या समाप्ति के साथ ही भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। 15 दिन बाद संयुक्त जांच समिति द्वारा इन स्कूलों का दोबारा निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

# कालाढूंगी के रामलीला मैदान में कल लगेगा निशुल्क मेडिकल कैंप

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। क्षेत्र के आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी 3 मई को रामलीला मैदान में एक विशाल निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को आयोजित होने वाले इस शिविर का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में आने वाले मरीजों के लिए अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त मरीजों को आवश्यक दवाएं और चिकित्सीय परामर्श भी पूरी तरह निशुल्क प्रदान किया जाएगा। कैंप में न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, जनरल फिजिशियन, पल्मोनरी और स्त्री रोग जैसे गंभीर विभागों के विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी।इस निशुल्क शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी नैनीताल के चेयरमैन नवनीत सिंह राणा, लायनेस क्लब की अध्यक्ष तनुजा जोशी और पीएसपी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा नेता महेश शर्मा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रामलीला मैदान पहुंचकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं ताकि समय रहते बीमारियों की पहचान और उपचार हो सके।




# लोक रचना समिति की गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन 4 मई को

## स्व. आशा भौंसले को समर्पित होगा आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी शहर में भव्य गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी मंच से निकली प्रतिभाएं पूर्व में इंडियन आइडल जैसे राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शो तक पहुंचकर शहर का नाम रोशन कर चुकी हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता विख्यात गायिका स्व. आशा भौंसले को समर्पित की गई है। समिति के संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि प्रतियोगिता का ऑडीशन आगामी 4 मई को काशीपुर बाईपास रोड स्थित होटल अम्बर में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में विभाजित किया गया है। ऑडीशन के माध्यम से प्रत्येक वर्ग से आठ-आठ प्रतिभावान प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल राउंड के लिए किया जाएगा। इसके उपरांत सेमीफाइनल से पांच-पांच सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी फाइनल राउंड में अपनी जगह बनाएंगे। ऑडीशन के दौरान प्रतिभागियों को च्वाइस राउंड में वाद्य यंत्रों के साथ अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करना होगा। इसी राउंड के प्रदर्शन के आधार पर ही सेमीफाइनल के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न होगी। ऑडीशन में सफल होने वाले प्रतिभागियों के लिए सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 18 मई सोमवार को काशीपुर बाईपास रोड स्थित होटल रूद्रा कॉन्टिनेंटल में आयोजित किया जाएगा।

# छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण पर कार्यशाला आयोजित

## शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए किया गया प्रशिक्षित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल भुरारानी में सीबीएसई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस देहरादून के सहयोग से छात्रों में स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और विद्यालयी वातावरण को अधिक सकारात्मक व संतुलित बनाने के लिए प्रशिक्षित करना था।कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में आरएएन पब्लिक स्कूल की उपप्रधानाचार्या बीनू यादव तथा कृष्णा पब्लिक कॉलेजिएट काशीपुर के प्रधानाचार्य प्रतीक गोयल उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने शिक्षकों को विस्तार से बताया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण क्यों आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चाओं और सहभागितापूर्ण अभ्यासों के माध्यम से समझाया कि विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण, संतुलित दिनचर्या और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देकर विद्यार्थियों के प्रदर्शन और व्यवहार में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है।बीनू यादव ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी कक्षाओं में ऐसा वातावरण विकसित करें जहां प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और प्रेरित महसूस कर सके। वहीं प्रतीक गोयल ने 21वीं सदी के शिक्षण परिप्रेक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन कौशल के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में किताबी ज्ञान के साथ-साथ छात्र का मानसिक रूप से सशक्त होना अनिवार्य है।इस प्रशिक्षण कार्यशाला में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 60 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह सत्र उनके लिए अत्यंत उपयोगी रहा और इससे उन्हें अपने शिक्षण कार्य में स्वास्थ्य एवं कल्याण के पहलुओं को प्रभावी ढंग से शामिल करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



# संजीव सिंह ने आंगनबाड़ी वर्करों की समस्याओं से सीएम को कराया अवगत

किच्छा। भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग सहित क्षेत्र के अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। भाजपा नेता सिंह ने लोहिया हेड स्थित कैंप कार्यालय पर सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट की और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विगत कई दिनों से किच्छा में आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। विगत दिनों भाजपा नेता सिंह ने आंगनवाड़ी वर्करों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना था और आंगनबाड़ी वर्करों ने एक मांग पत्र भाजपा नेता संजीव सिंह को सौपा था। उसी मांग पत्र को लेकर भाजपा नेता सिंह ने व्यक्तिगत रूप से सीएम धामी से मुलाकात कर मांगों पर शीघ्र विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सीएम धामी ने उनकी बात को गंभीरता से सुनते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# भाजपाइयों ने फल वितरण और पौधारोपण कर मनाया सांसद अजय भट्ट का जन्मदिन

किच्छा (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं ऊधमसिंह नगर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन के अवसर पर भाजपाइयों ने विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों और तीमारदारों को फल वितरित किए और श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल के नेतृत्व में तमाम भाजपा कार्यकर्ता नगर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन की खुशी में अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस मौके पर भाजपाइयों ने कहा कि अजय भट्ट जमीन से जुड़े नेता हैं और उन्होंने हमेशा पार्टी व उत्तराखंड के हित में समर्पित होकर कार्य किया है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की।इसके उपरांत भाजपाइयों ने श्मशान घाट में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि विकास के साथ-साथ प्रकृति को बचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, विवेक राय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, शोभित शर्मा, दिनेश भाटिया, हरीश खानवानी, नितेश बाला, पंकज शर्मा, हीरा सरकार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तेज हवा से प्रभावित हो रही शहर की बिजली

सितारगंज। नगरीय क्षेत्र में इन दिनों कुछ क्षण के लिए विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक से व्यापारियों को भी इससे दिक्कत हो रही है। विद्युत विभाग के अफसरों का कहना है कि तेज हवा के कारण ऐहतियातन आपूर्ति कुछ देर के लिए समय समय पर लगातार बंद की जा रही हैं। जिससे नुकसान से बचा जा सकेगा। गर्मी का मौसम शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है। आसान नगरीय क्षेत्र में बार-बार आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को परेशानियां होने लगी हैं। इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक कारोबार से जुड़े व्यापारियों को भी समय-समय पर विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के कारण आर्थिक रूप से नुकसान पहुंच रहा है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता महेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम के कारण समय-समय पर कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति सुरक्षा की दृष्टि से प्रभावित की जा रही हैं। मौसम साफ होने पर पर्याप्त मात्रा में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सप्लाई की जाएगी।

# भारत गैस के चंद्रा एजेंसी के सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं में आक्रोश

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर में भारत गैस एजेंसी का गोदाम न होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के नौ वार्डों में चंद्रा नाम की भारत गैस एजेंसी केउपभोक्ताओं की संख्या काफी अधिक है, लेकिन नियमित वितरण व्यवस्था स्पष्ट न होने से लोग भटकने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें यह तक जानकारी नहीं मिल पाती कि सिलेंडर कहां और कब वितरित होंगे।आरोप है कि एजेंसी की ओर से वितरक केंद्र प्रभारी का मोबाइल नंबर तो उपलब्ध कराया गया है, जिसे गदरपुर विकासखंड की पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज द्वारा साझा किया गया था, लेकिन फोन कॉल का जवाब नहीं मिलने से समस्या और बढ़ गई है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि बुकिंग कराने के बावजूद समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं।वहीं, संबंधित विभाग की ओर से भी कोई ठोस और स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। नगर के कुछ सभासदों ने सिलेंडर वितरण को नियमित करने का आश्वासन जरूर दिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर दिखाई नहीं दे रहा। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज ने सभासदों को गैस वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि जब तक दिनेशपुर में भारत गैस एजेंसी का स्थायी गोदाम नहीं बनेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।इस दौरान सुनीता देवी, शिवली ढाली, सुरेश कुमार, रवि कुमार, मनोज राय, लक्ष्मी देवी, रामगोपाल मुखर्जी, नंद गोपाल चक्रवर्ती सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने अपनी नाराजगी जताई और जल्द समाधान की मांग की।

# हाथी के बढ़ते हमलों से लोगों में दहशत

## हाथी ने गंगापुर पटिया बीट में महिला को पटक-पटक कर मौत के घाट उतारा

पन्तनगर (उद संवाददाता)। पन्तनगर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत टांडा रेंज के जंगलों में टस्कर हाथी का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 72 घंटे के भीतर दो लोगों पर हमले के बाद अब हाथी ने गंगापुर पटिया बीट में एक महिला को पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। इस हृदय विदारक घटना से स्थानीय निवासियों में भारी दहशत व्याप्त हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं प्रभागी वन अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तराई केन्द्रीय वन प्रभाग की टांडा रेंज के अन्तर्गत शाह पठानी खत्ते के समीप गंगापुर पटिया बीट में झा कॉलोनी पन्तनगर निवासी तीन महिलाएं लकड़ी लेने गई थीं। इसी दौरान पन्तनगर की ओर जाने वाले रास्ते पर एक डेढ़ दांत वाले टस्कर हाथी ने अचानक महिलाओं पर हमला बोल दिया। जान बचाने के लिए जंगल की ओर भागने के दौरान हाथी ने 60 वर्षीय मैंना देवी पत्नी स्वर्गीय बाबू लाल को पीछा करके पकड़ लिया। हाथी ने महिला



को सूंड से पटकने के बाद पांव से कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ गई अन्य महिलाओं ने किसी तरह भागकर कॉलोनी पहुंचकर ग्रामीणों को आपबीती सुनाई। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, महिला दम तोड़ चुकी थी और हाथी जंगल के भीतर जा चुका था। मृतका अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गई है। क्षेत्र में दो दिन के भीतर यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पूर्व इसी हाथी ने सांप पठानी क्षेत्र के एक खेत में सो रहे दो लोगों को जान से मार दिया था, जिनमें से एक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। हाथी के लगातार हो रहे हमलों से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। इधर घटना की सूचना पर पहुंचे किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने प्रभागीय वन अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी के माध्यम से सरकार की ओर से तत्काल अंतिम संस्कार हेतु 10 हजार रुपए की नकद सहायता प्रदान करवाई। राजेश शुक्ला ने परिवार को आश्वस्त किया कि वन्य जीव हमले में मौत पर मिलने वाली 10 लाख रुपए की संशोधित सहायता राशि भी जल्द दिलाई जाएगी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया है। इस दौरान टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम, पन्तनगर कोतवाली के उपनिरीक्षक दिनेश रावत सहित भारी संख्या में पुलिस और वनकर्मी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक डॉ. राणा ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर दिया जोर

नानकमत्ता। क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नोगवा ठग्गू में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने गांव की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान डॉ. राणा ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सिलाई मशीन के प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है



और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने कौशल का उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बनें और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करें।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी इसी तरह जनसेवा करते रहेंगे।इस अवसर पर भुवन जोशी, किशोर जोशी, महेश राणा, प्रकाश शर्मा, गोकुल, ललित राणा, रीता राणा, मिथिलेश वती, राजीव राणा सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# क्रेशर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट और तोड़फोड़

## हमले में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

किच्छा (उद संवाददाता)। हल्द्वानी रोड पर स्थित नैनीताल नेचुरल स्टोन क्रेशर में घुसकर दबंगों द्वारा कर्मचारियों के साथ मारपीट और कार्यालय में तोड़फोड़ करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। क्रेशर प्रबंधन की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। हमले में घायल एक कर्मचारी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार घटना 30 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे की है। बताया गया है कि ग्राम आनंदपुर कटिंग निवासी पप्पू कुमार पुत्र ख्यालीराम और नगला निवासी पिंटू कुमार पुत्र राजेश कुमार जबरन क्रेशर परिसर में घुसने का प्रयास कर रहे थे। जब वहां तैनात कर्मचारी महीपाल पुत्र नेत्रपाल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो दोनों आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महीपाल के मुंह और जबड़े पर गंभीर चोटें आईं।आरोप है कि कुछ ही देर बाद दोनों आरोपी अपने 8 से 10 अन्य साथियों के साथ दोबारा क्रेशर परिसर में धमके, जिनमें दो-तीन महिलाएं भी शामिल थीं। हमलावरों ने कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की और वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रार्थी ध्यान सिंह और भीम सिंह ने बताया कि हमले की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसकी फुटेज पुलिस को सौंपी जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भगवान बुद्ध ने दिया शांति, करुणा और सेवा का संदेश

## विधायक कार्यालय में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

किच्छा (उद संवाददाता)। ध्यान, साधना एवं सेवा के प्रतीक भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर एक भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर विधायक तिलक राज बेहड़ एवं उपस्थित क्षेत्रवासियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान वातावरण बुद्धं शरणं गच्छामि के जयघोष से गूंज उठा। सभी श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर तिलक राज बेहड़ ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें संयम, करुणा, अहिंसा और सेवा का मार्ग दिखाता है। उनके विचार आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। यदि



हम उनके बताए मार्ग पर चलें तो समाज में व्याप्त हिंसा, द्वेष और असमानता को समाप्त कर सकते हैं। हमें आपसी भाईचारे, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को अपनाकर एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश केवल एक धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग है। आज के समय में जब समाज कई चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में बुद्ध के सिद्धांत हमें सही दिशा प्रदान करते हैं।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों शांति, करुणा, प्रेम एवं सेवा को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भन्ते चाऊ समाधि और भंते राजिन्द्र द्वारा विधायक तिलक राज बेहड़ को स्मृति भेंट की गई तथा भगवान बुद्ध का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी, संजीव चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, किन्नू शुक्ला, ओमप्रकाश दुआ, गुरुचरण सिंह बब्बू, हरभजन सिंह, बनवारी फौजी, राम अवतार, वेद प्रकाश, हुलासी राम, रामदास, हीरालाल, सुनीता कश्यप, दिलीप सिंह बिष्ट, छोटेलाल कोहली, संतोष ठाकुर, अशोक मित्रा, देवी दास, मुकेश, दुर्गा प्रसाद, कमल, सीताराम, चंद्रपाल, भूपराम, राम प्रसाद, रजत गंगवार, जीवन जोशी, देवकीनंदन आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामनगर में रिसॉर्ट्स की मनमानी पर बढ़ा गुस्सा और आंदोलन की चेतावनी

रामनगर (उद संवाददाता)। पर्यटन नगरी में रिसॉर्ट्स की मनमानी अब एक बड़ा मुद्दा बनती जा रही है। कॉर्बेट नेशनल पार्क के आसपास तेजी से खुल रहे रिसॉर्ट्स जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रहे हैं। नियमों की अनदेखी को लेकर अब जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने इस पूरे मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रामनगर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन नगरी है, जहां हर साल बड़ी संख्या में देश विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं लेकिन जिस तरह से बिना मानकों का पालन किए रिसॉर्ट्स संचालित हो रहे हैं वह बेहद चिंताजनक है।संजय नेगी ने बताया कि क्षेत्र में करीब 300 से 400 रिसॉर्ट्स सक्रिय हैं, जिनमें से कई सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय के नियम के अनुसार रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाया जा सकता, पटाखों पर रोक है और जनरेटर खुले में नहीं चलाए जा सकते। इसके बावजूद कई रिसॉर्ट्स में देर रात तक तेज आवाज में संगीत बजता है, पटाखे फोड़े जाते हैं और जनरेटर का शोर लगातार बना रहता है। इसका सीधा असर स्थानीय निवासियों, खासकर छात्रों की पढ़ाई और बुजुर्गों की दिनचर्या पर पड़ रहा है।उन्होंने एक ताजा घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उनके घर के पास स्थित एक रिसॉर्ट में रात 12 बजे तक डीजे बजता रहा। उसी दौरान बिजली कटौती भी थी जिससे लोग पहले ही परेशान थे और जनरेटर की तेज आवाज व पर्यटकों के शोर शराबे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। आसपास के लोगों ने भी इसको लेकर लगातार शिकायतें की हैं। संजय नेगी ने बताया कि इस मुद्दे को कई बार प्रशासन के सामने उठाया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि हाल ही में उपजिलाधिकारी के साथ बैठक कर रिसॉर्ट संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इस पर सख्ती नहीं दिखाई गई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर रिसॉर्ट संचालकों के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

# बाबा बुड्ढा जी के पवित्र स्थान पर सजाया गया धार्मिक जोड़ मेला

गदरपुर। बुद्ध पूर्णिमा और तीसरे गुरु अमर दास जी के प्रकाश पर्व पर लेब्ड़ा पुल,राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब के चौथे स्थान गुरुद्वारा निर्मल तखत बाबा बुड्ढा जी खेड़ा नवाबगंज में आयोजित समागम में शुक्रवार को हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान बाबा भगवत भजन सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के संपुट अखंड पाठ साहब के भोग के उपरांत भारी दीवान सजाए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कथावाचक ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने बताया कि रागी भाई वीर सिंह नामधारी एवं रतन सिंह, रुद्रपुर के रागी भाई गुरविंदर सिंह, श्री नानकपुरी टांडा के रागी भाई कुलवंत सिंह रसीला द्वारा अमृतमयी गुरबाणी का गायन किया गया। अंबाला से आए ढाढ़ी जत्था भाई लखविंदर सिंह




ने महान जरनैल स, हरी सिंह नलवा का इतिहास, ढाढ़ी मनजिंदर सिंह मौजी ने गुरु नानक देव एवं बाबा बुड्ढा जी के जीवन की विभिन्न घटनाओं का वर्णन, कविश्री सर्बजीत सिंह व बलविंदर सिंह एवं अन्य वक्ताओं द्वारा हरजस गायन एवं गुरु की महिमा का बखान किया। कथावाचक ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने गुरु इतिहास श्रवण करवाते हुए गुरु की वाणी को आत्मसात करने का आह्वान किया, वहीं कथा वाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं अपने शरीर को निरोग रखने के लिए प्राकृतिक उपायों की जानकारी दी। समागम में रमदास श्री अमृतसर पंजाब के बाबा भगवंत भजन सिंह ने संगत को गुरु के उपदेश पर चलने का आह्वान करते हुए गुरु के आदर्शों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। बाबा बलजीत सिंह द्वारा कार्यक्रम के समापन के उपरांत सभी संगत का हार्दिक धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा निहंग सिंहों, वक्ताओं एवं अन्य सेवादारों को सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया।

## सुंदर दस्तार सजाए बच्चों को किया सम्मानित

गदरपुर। श्री रमदास श्री अमृतसर के बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा लगभग एक दर्जन युवाओं एवं बच्चों को सुंदर दस्तार सजाकर सम्मानित करने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नवाबगंज खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा विशेष कर दो बच्चों युवराज सिंह और गुरबीर सिंह पुत्र निशान सिंह एवं हरजिंदर कौर निवासी दादू वाला,जसपुर को उनके आदर्श जीवन को देखते हुए सुंदर दस्तार सजाने के उपरांत सम्मानित किया। बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा बच्चों को आदर्श सिख जीवन जीने के साथ गुरु के आदर्शों पर चलने का भी संकल्प करवाया गया।



# साढ़े आठ लाख की स्मैक सहित तीन तस्कर दबोचे

## एसएसपी अजय गणपति के 'ऑपरेशन प्रहार' से नशा तस्करों में हड़कंप

रूद्रपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में ऊधमसिंहनगर पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध अपने अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। जनपद की जसपुर और ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने दो अलग-अलग महत्वपूर्ण कार्यवाहियों को अंजाम देते हुए तीन शातिर नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से कुल 28.66 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत साढ़े आठ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। नशे के इस अवैध कारोबार पर एसएसपी के इस कड़े प्रहार से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पहली बड़ी कार्यवाही जसपुर कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान 30 अप्रैल को दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दो तस्करों को दबोचा गया। पकड़े गए अभियुक्तों में जयविन्दर कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी नहर पार झाल के पास मंडवाखेड़ा, उम्र 23 वर्ष शामिल है, जिसके कब्जे से 06.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर संख्या 167/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी कार्यवाही में राजेन्द्र कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी मोहल्ला नत्था सिंह, उम्र 26 वर्ष को मोटर साइकिल पर स्मैक का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उसके पास से 10.25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने एफआईआर संख्या 168/26 दर्ज करते हुए तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है। दूसरी ओर, कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने भी नशा तस्करों के खिलाफ सफलता का परचम लहराया। पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिवनगर रोड पर एसबीआई एटीएम के सामने सघन चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए। अभियुक्त के पास से एक काली पन्नी में 7.14 ग्राम और दूसरी पारदर्शी पन्नी में 6.27 ग्राम यानी कुल 11.51 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुमित पुत्र जगदीश निवासी वार्ड नंबर 10 ठाकुरनगर, थाना ट्रांजिट कैम्प, उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। एसएसपी अजय गणपति ने इस सफलता पर पुलिस टीमों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद को नशा मुक्त बनाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत भविष्य में और भी कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस प्रशासन अब इन तस्करों के नेटवर्क को खंगालने में जुटा है ताकि मुख्य सप्लायरों तक पहुंचा जा सके। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।





# सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

किच्छा (उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर सांसद एवं पूर्व रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर में विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जहां शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं, वहीं समाज सेवा के कार्यों के माध्यम से उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। जन्मदिन के उपलक्ष्य में गरीब तबके के लोगों और मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ फल वितरण कार्यक्रम भी किए गए। वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी एवं सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर एक विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में क्षेत्र के 42 मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त 34 मरीजों की शुगर व अन्य बीमारियों की नि:शुल्क जांच की गई और 19 गरीब मरीजों को दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। शिविर के दौरान 8 मरीजों की नि:शुल्क ईसीजी जांच भी की गई। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ए के गुप्ता ने बताया कि वह समय-समय पर नि:शुल्क शिविर लगाकर गरीब वर्ग के लोगों की सेवा करते रहते हैं, लेकिन इस बार यह आयोजन क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन को समर्पित किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान में मौसम बदल रहा है, ऐसे में सभी को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए और बढ़ती हीट वेव व गर्मी के प्रकोप से बचाव करना चाहिए। इस अवसर पर अनीता राठौर, प्रियंका सक्सैना, कैलाश शर्मा, अभिजीत गंगवार, अमित कुमार, हरेन्द्र सक्सैना, मनीषा और सुमित सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# भांजे के विवाह में पहुंचे सीएम, नव दंपति को दिया आशीर्वाद

खटीमा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को अपने भांजे के विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के भांजे शुभम निवासी इंद्रा कॉलोनी, राजीव नगर, मेला घाट रोड का विवाह ललिता के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह में मुख्यमंत्री



अपनी माता बिशना देवी एवं पत्नी गीता धामी के साथ पहुंचे। समारोह में खटीमा सहित पचौरिया, नगला तराई, सुखापुल, टेवीकुला, श्रीपुर बिचवा आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान नंदी देवी, लक्ष्मण सिंह, महेंद्र सिंह, पप्पू नेगी, गौरव नेगी, मधु सिंह, राजेंद्र सिंह, भगवान सिंह, बहादुर सिंह, सूबेदार मोहन सिंह, यशोदा देवी, गंगा देवी, गंगा सिंह रावत, शमशेर सिंह, बसंती खोलिया, कुंदन खोलिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर जताया विरोध

## सरकार पर जनता के साथ छल करने का लगाया आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड ने मजदूर दिवस के अवसर पर गरीब वर्ग और छोटे कारोबारियों पर कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी वृद्धि को लेकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सरकार की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए इसे जनता के साथ छल बताया है।पदाधिकारी भुवन भट्ट ने कहा कि 1 मई 2026 को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में करीब 993 रुपये तक की बड़ी बढ़ोतरी की गई है। इससे आम जनता, छोटे कारोबारियों, फड़ और ठेले वालों पर महंगाई की सीधी मार पड़ रही है, जिसका सीधा असर जनता की थाली पर पड़ेगा। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चुनाव के तुरंत बाद दामों का इस तरह बढ़ना हैरानी की बात नहीं है, लेकिन इससे आम आदमी की जेब पर भारी बोझ पड़ेगा। तरुण वानखेड़े ने चिंता जताते हुए कहा कि होटल और रेस्टोरेंट मालिकों के लिए अब कारोबार चलाना मुश्किल होगा। सिलेंडर महंगा होने से बाहर का खाना महंगा हो जाएगा, जिससे ग्राहकों की संख्या कम होगी और व्यापारियों का मुनाफा भी घटेगा।वहीं सीमा बत्रा ने कहा कि 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमतों में भी इजाफा हुआ है, जिससे प्रवासी मजदूरों, छात्रों और गरीब फड़ वालों के लिए रहने और खाने का खर्च बढ़ गया है। उन्होंने इसे गरीब की जेब पर डाका बताया। तेज सिंह कार्की ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गैस के दाम बढ़ने से खाने पीने की सभी वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे। ज्योति अवस्थी ने सरकार पर तंज कसते हुए इसे चुनाव का तोहफा करार दिया और कहा कि अच्छे दिन का हवाला देकर जनता को बेवकूफ बनाना बंद होना चाहिए। संजय त्यागी ने आरोप लगाया कि सरकार तेल कंपनियों के साथ मिलकर जनता की जेब काट रही है, जहाँ कंपनियां और सरकार दोनों अपना मुनाफा पूरा ले रहे हैं।संजय बिष्ट ने कहा कि व्यापारी वर्ग पहले से ही विभिन्न प्रकार के टैक्स के बोझ से परेशान है और अब सिलेंडर की मार ने कारोबारियों को और भी संकट में डाल दिया है। इसका अंतिम बोझ जनता पर ही पड़ना है। सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि व्यापारी वर्ग के साथ हो रहे इस छलावे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन सिलेंडर के दामों में हुई इस अचानक वृद्धि की घोर निंदा करता है। इस दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे।



# सीएम ने खटीमा में सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

## खटीमा प्रवास के दौरान सीएम ने दिवंगत मदन सिंह धामी के परिजनों से भेंट कर व्यक्त की शोक संवेदना

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों और जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। शुक्रवार को नगला तराई स्थित अपने निजी आवास और लोहियाहेड हेलीपैड पर आयोजित मुलाकातों के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नगला तराई में स्वर्गीय मदन सिंह धामी के घर पहुंचे। वहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद मुख्यमंत्री ने नवीन बोरा के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिला अध्यक्ष कमल जिन्दल और सतीश भट्ट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, पंकज उपाध्याय और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ उत्तम सिंह नेगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी थे।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बेलगाम महंगाई की मार

पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई।वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है।कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीध–सीधे इसका असर खाने–पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े।फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार–चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी–रोजगार के सवालों से जूझ रही है। लगातार घटती क्रयशक्ति के दौर में महंगाई की मार का असर कितना गहरा हो सकता है, इसका बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था और इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकाल रही थी, तो अचानक ही उसे महंगाई को इस तरह खुला छोड़ देने की जरूरत क्यों पड़ी! क्या कुछ दिनों की राहत का कारण पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे?

# विकास योजनाओं के लिए 1252 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला–2027 की तैयारियों के साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं के लिए ₹1252 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया है। इन निर्णयों से आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियोजन विभाग द्वारा स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो यथा ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना में त्रिवेणी घाट पुनरूद्धार हेतु 115 करोड़ तथा हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत नोर्थ हर की पौडी डवलपमेंट हेतु 69.06 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी झील के चारों और रिंग रोड (28.605 किमी) तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु तहसील टिहरी/मदननेगी के अन्तर्गत अधिग्रहित 18 ग्रामों में अर्जित भूमि के प्रतिकर का भुगतान हेतु 25.13 करोड़ एवं जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर/टिहरी के अन्तर्गत टिहरी झील के चारों और रिंग रोड निर्माण कार्य (पूर्व निर्मित मोटर मार्ग का चौडीकरण एवं सुधारीकरण) के वन भूमि हस्तान्तरण के एनपीवी भुगतान हेतु 10.94 करोड़ तथा अन्य विभागों के एनपीवी का भुगतान/भूमि अधिग्रहण हेतु प्राप्त कुल मांग 20 करोड़ अर्थात प्राविधानित धनराशि 100 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त में 56.07 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला में कैलाश मानसरोवर मार्ग में गब्यांग के चम्फू नाले के पास नवीन डेस्टिनेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सामुदायिक सहभागिता के आधार पर एस्ट्रो टूरिज्म/पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से 08 नग इग्लू डोम हटों के निर्माण हेतु ₹4.67 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित माध्यमिक/प्रारम्भिक विद्यालय/शिक्षक शिक्षा की स्थापना (90 प्रति के.पो) वेतन का भुगतान के अन्तर्गत वेतन भत्तों, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के लिए प्राविधानित धनराशि 446 करोड़ तथा उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत 21 अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष में आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि 155.37 करोड़ के सापेक्ष प्रथम छः माह (अप्रैल, 2026 से सितम्बर, 2026) हेतु 77.69 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के अन्तर्गत लोहाघाट में सरफेस पार्किंग निर्माण हेतु ₹39 लाख, थाना टनकपुर में टाईप द्वितीय के 20, टाईप तृतीय के 04 आवासों के निर्माण हेतु 9.43 करोड के सापेक्ष प्रथम किश्त में 3.77 करोड तथा जनपद देहरादून के विधानसमा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत लोहे के पुल से सौंग पुल तक बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु ₹4.22 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य वित्त पोषित योजना "विधायक निधि योजनान्तर्गत" चालू वित्तीय वर्ष के आय–व्ययक में प्रावधानित धनराशि से 70 मा० विधायकगणों को उनके विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए निर्धारित विधायक निधि ₹5 करोड प्रति विधायक की दर से कुल 350 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र योजना की वित्तीय वर्ष 2023–24 की अनुमोदित कार्ययोजना हेतु भारत सरकार से प्राप्त 56.35 करोड की धनराशि अपरिहार्य परिस्थितियों एवं सर्वथा कार्यहित में वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य आकस्मिकता निधि से अंतरित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा अकादमी के वैभरली कम्पाउण्ड में टाईप–4 एवं टाईप–5 के आवासों के निर्माण हेतु शेष धनराशि कुल 1.90 करोड को आकस्मिकता निधि से स्वीकृत/अवमुक्त किये जाने के साथ ही जनपद हरिद्वार की शाखा हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार नगरीय पेजयल योजना में शिवलोक एवं आर्यनगर में क्षतिग्रस्त वितरण प्रणाली की प्रतिस्थापन कार्य हेतु 4.86 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने हेतु का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला–2027 के अन्तर्गत हरिद्वार में पाइपलाइन बिछाने और वितरण के लिए पंपिंग जल आपूर्ति योजना के प्रतिस्थापन हेतु 06 करोड की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद हरिद्वार के बहादराबाद विकासखण्ड में हरकी पौडी क्षेत्र, कनखल क्षेत्र एवं गौरीशंकर क्षेत्र में पूर्व निर्मित सड़कोंकी मरम्मत एवं सुधारीकरण कार्य हेतु ₹06 करोड तथा विद्युत विभाग को लाईन शिफ्टिंग किये जाने हेत 9 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपद में आयी दैवीय आपदा से जन, धन एवं परिसम्पत्तियों की हानि की रोकथाम एवं आपदा से सम्भावित क्षति को न्यून किये जाने हेतु आपदा न्यूनीकरण निधि (राज्य सेक्टर) में प्राविधानित कुल धनराशि 28.00 करोड़ के सापेक्ष प्रति जनपद 01 करोड अर्थात कुल 13 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# परिवार के संस्कार ही अनुशासन की धुरीः कुलपति

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप ने गांधी हाल सभागार में विश्वविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन और संस्कारों के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत अनुशासन में परिवार के संस्कारों की अहम भूमिका होती है और यही सफलता का आधार है।कुलपति ने छात्राओं को विश्वविद्यालय की विशेषताओं से अवगत कराते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ–साथ पाठ्येतर गतिविधियां (एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टिविटीज) अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्राओं को अध्ययन के साथ खेलकूद, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में नियमित प्रतिभाग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश पाने में इन गतिविधियों का बहुत महत्व होता है, अतः प्रसन्न मन से कौशल क्षमता में वृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के बाद उनकी सारी जिम्मेदारी कुलपति की है, इसलिए वे तनावमुक्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। पंतनगर की अनूठी श्एडवाइजरी सिस्टमश की चर्चा करते हुए उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से अपने एडवाइजर के संपर्क में रहने का सुझाव दिया।प्रोफेसर कश्यप ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने महाविद्यालय तक ही सीमित न रहें, बल्कि अन्य महाविद्यालयों, शोध केंद्रों और प्रयोगशालाओं का भी भ्रमण करेंताकि उनके भीतर नवाचार की भावना पैदा हो। उन्होंने आईआईटी और आईआईएम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां दूसरे वर्ष से ही प्रोजेक्ट वर्क पर जोर दिया जाता है, जिससे प्रोफाइल बेहतर होती है। विश्वविद्यालय में इसी दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने पंतनगर में स्नातक के चार वर्षों को जीवन का स्वर्णिम समय बताया।सुविधाओं और अनुशासन पर चर्चा करते हुए कुलपति ने निर्देश दिए कि सभी छात्राओं के छात्रावासों में सायंकाल प्रवेश का एक ही समय होना चाहिए, जिसका निर्धारण अधिष्ठाता छात्र कल्याण करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी छात्रावासों में पीने के शुद्ध पानी और वाशिंग मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं से कारपोरेट कल्चर के साथ अपना भविष्य उज्जवल बनाने की अपील की। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने कुलपति का स्वागत करते हुए उनके जीवन परिचय से छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संचार निदेशक और छात्रावासों के वार्डन उपस्थित रहे। अंत में कुलसचिव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# विधायक बेहड़ ने दी 73 लाख के विकास कार्यों की सौगात

## रामेश्वरपुर में 45 लाख की सड़क स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने जताया आभार, सिरौली कला में कई कार्यों का लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामेश्वरपुर में विकास की नई इबारत लिखते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने करोड़ों के विकास कार्यों का पिटारा खोला। राज्य योजना के अंतर्गत रामेश्वरपुर में658 मीटर सड़क निर्माण हेतु 45.29 लाख रुपये स्वीकृत कराए जाने पर समस्त ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ का फूल–मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने इस स्वीकृति को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।सड़क की सौगात देने के साथ ही विधायक बेहड़ ने क्षेत्र में लगभग 28 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने नगर पंचायत लालपुर में विधायक निधि से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया। इसके पश्चात सिरौली कला क्षेत्र में जिला योजना के तहत वार्ड 18 में 12 लाख की लागत से बनी सड़क, वार्ड 20 इंदिरा नगर में 5 लाख की लागत से निर्मित सीसी मार्ग और मस्जिद से जलील के घर तक 4.99 लाख की सड़क का लोकार्पण किया। इसके अलावा वार्ड 18 में एक अन्य मार्ग और सिरौली कला में शव रखने हेतु फ्रिज की स्थापना के कार्य का भी उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि रामेश्वरपुर वासियों की मांग पर गांव में श्मशान घाट, शेड और पूजा घाट का निर्माण कराया गया है, साथ ही मंदिर के लिए भी धनराशि जारी कर दी गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि लालपुर और सिरौली कला सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए कई अन्य सड़कों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं, जिन्हें शीघ्र स्वीकृति दिलाई जाएगी। बेहड़ ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य किच्छा विधानसभा के प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना है।कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी, जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, लालपुर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश खुराना, ग्राम प्रधान सन्नी कामरा, दर्शन कोली, राम लाल वाहवा, बीडीसी अर्जित गुम्बर, राजेश प्रताप सिंह, अशोक चुघ और किन्नू शुक्ला सहित भारी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों के प्रति विधायक के समर्पण की सराहना करते हुए उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।



# राज्यपाल ने अकादमी में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने अकादमी की उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण प्रणालियों पर संतोष व्यक्त किया।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल प्रातःकाल पोलो ग्राउंड पहुंचे, जहां उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं एवं चल रही गतिविधियों का



निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने हैप्पी वैली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भ्रमण कर खेल सुविधाओं एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि अकादमी में उपलब्ध खेल सुविधाएं अत्यंत उत्कृष्ट कोटि की हैं, जो प्रशिक्षु अधिकारियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ–साथ उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर साबित होती हैं।राज्यपाल ने अकादमी के हॉस्टल्स का भी भ्रमण किया और वहां रह रहे अधिकारियों से सीधा संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने अकादमी की कार्यप्रणाली और प्रशिक्षण गतिविधियों के अनुभव साझा किए। भ्रमण के दौरान अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

काशीपुर। अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। नया आवास विकास निवासी अंकुश कुमार सिंह पुत्र मंगत सिंह ने टांडा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी अपाचे बाइक सं. यूके18एफ–9272 घर के बाहर खड़ी थी। अज्ञात चोर 27 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे उक्त बाइक को चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। कुंडा कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान ग्राम किलावली मालधन रोड से ग्राम किलावली निवासी राजू पुत्र खाजन सिंह को को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक ट्यूब में भरी 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

# खाद वितरण व्यवस्था पर बढ़ा विवाद, किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। कृषि विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद क्षेत्र में उर्वरक वितरण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। किसान सेवा सहकारी समिति शक्तिफार्म के सचिव को दिये गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि नई व्यवस्था के चलते किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।23 अप्रैल 2026 को कृषि निदेशालय द्वारा जारी आदेश के तहत यूरिया एवं डीएपी खाद के नियंत्रण, मिश्रण और वितरण की व्यवस्था लागू की गई, लेकिन इसके बाद से किसानों को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इससे खेती-किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।इसी क्रम में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और किसानों ने संयुक्त रूप से किसान सेवा सहकारी



समिति पर तालाबंदी कर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने सरकार और कृषि विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि नई व्यवस्था किसानों के हितों के विपरीत है।प्रदर्शन कर रहे किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पूर्व की व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी मांग उठाई कि उर्वरक की मात्रा बढ़ाई जाए, क्योंकि वर्तमान में मिल रही खाद किसानों की खपत के लिए पर्याप्त नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रशासन को महज 15 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष के.पी. मण्डल ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन देते हुए बताया कि उक्त विषय की जानकारी कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दे दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर बलवंत बोहरा, नवतेजपाल सिह, विष्णु तरफदार,महानंद विश्वास, शिव मण्डल,सपना ओझा, सुकुमार चक्रवर्ती,भगवान पांडेय, रविन्द्र वाइन,श्रीकांत मिस्त्री ,लक्ष्मी चौधरी, शशि भूषण,विश्वजीत, जगदीश मण्डल, रंजीत मण्डल,सुनील हालदार , विनय विश्वास आदि थे।

# दिल्ली साइबर पुलिस ने दिनेशपुर के पांच युवकों को हिरासत में लिया

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। साइबर ठगी के एक मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने शुक्रवार को क्षेत्र के कई गांवों में दबिश देकर पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के लिए सभी को अपने साथ दिल्ली ले जाया गया है। इस कार्रवाई के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और वे जानकारी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए।जानकारी के अनुसार पूर्वी दिल्ली थाना पुलिस के एसआई नरेश कुमार के नेतृत्व में टीम दिनेशपुर थाने पहुंची और आमद दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस टीम सुंदरपुर गांव पहुंची, जहां से समीर बछाड़ पुत्र सुखलाल बछाड़ को हिरासत में लिया गया। इसके बाद टीम विजयनगर गांव पहुंची, जहां से राज बछाड़ पुत्र रामप्रसाद को पकड़ा गया।इसी क्रम में पुलिस ने मोहनपुर निवासी रोहित मिस्त्री पुत्र सुरंजन मिस्त्री, हरीश सरकार पुत्र पूनम सरकार और वार्ड नौ निवासी रोहित राय पुत्र



विप्लव राय को भी हिरासत में लिया। सभी को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई।पुलिस के अनुसार पांचों युवकों के बैंक खातों में साइबर ठगी से जुड़े लेन-देन के प्रमाण मिले हैं। आरोप है कि इन्होंने म्यूल अकाउंट (बैंक खातों के माध्यम से अवैध धन के ट्रांजेक्शन) के जरिए ठगी की रकम अपने खातों में प्राप्त की।पूछताछ के बाद दिल्ली पुलिस सभी को अपने साथ दिल्ली ले गई है, जहां मामले में आगे की जांच की जाएगी। इधर, युवकों की गिरफ्तारी के बाद परिजन परेशान हैं और पूरे घटनाक्रम को लेकर अनभिज्ञता जता रहे हैं। स्थानीय स्तर पर भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# नजीबाबाद में अंबेडकर पार्क का हुआ शिलान्यास

## राजेश शुक्ला ने डाम क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु सिंचाई मंत्री से वार्ता का दिया आश्वासन

किच्छा/नजीबाबाद (उद संवाददाता)। ग्राम नजीबाबाद की सुभाषनगर कॉलोनी (दीवान पट्टी) में विकासखंड निधि से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अंबेडकर पार्क का शिलान्यास पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने संयुक्त रूप से किया। ग्राम सभा पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अतिथियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान राहुल कुमार और क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील कुमार ने पूर्व विधायक के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि राजेश शुक्ला के





प्रयासों से ही डाम क्षेत्र की कच्ची सड़कों का कायाकल्प हुआ और डामरीकरण के बाद क्षेत्रवासियों को कीचड़ व जलभराव से मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि उनके समय में विधानसभा के अंतिम छोर दीवान पट्टी तक ऐतिहासिक विकास कार्य हुए, जो आज भी क्षेत्र के लिए मिसाल हैं।समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि ऊधमसिंह नगर जिले के डाम उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इन क्षेत्रों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से विस्तृत चर्चा की है और जल्द ही उनका कार्यक्रम क्षेत्र में कराकर समस्याओं का स्थायी निस्तारण कराया जाएगा। शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं-जैसे सड़क, आवास और शुद्ध पेयजलख्रप्रभावी रूप से धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनहित के कार्यों और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल महामंत्री जितेंद्र गौतम और पूर्व ग्राम प्रधान अजय साहनी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शेर सिंह, सावन सिंह, परमजीत सिंह, राहुल कुमार, सुनील कुमार, नंदकिशोर, दीपक देव, चरण जीत सिंह, गुरदेव, राजनाथ, शिवनाथ, गणेश, लालाराम, नीरज कुमार, प्रमोद कुमार, जीत सिंह और राजू चौहान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस को झटका...**कई माह से कांग्रेस नेताओं सें हो रही मुलाकातें व उनके द्वारा स्वयं कांग्रेस के टिकट पर रूद्रपुर से विधानसभा चुनाव लड़ने के दावे के बाद से मीना शर्मा खुद को काफी बैचेन महसूस करने लगी थी। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से स्पष्ट कह दिया था कि महिलाओं का सार्वजनिक रूप से अपमान करने वाले राजकुमार ठुकराल को कांग्रेस में नहीं देखना चाहती हैं। बावजूद इसके पार्टी के नेताओं ने मीना शर्मा की दलीलों को दरकिनार कर ठुकराल को कांग्रेस में शामिल किया। इससे हतोत्साहित होकर उन्होंने पार्टी के कार्यक्रमों से खुद को अलग कर लिया और अपने राजनैतिक भविष्य की दिशा तय करने के लिए उन्होंने भाजपा नेताओं का सहारा लिया। आखिरकार आज कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने विधायक शिव अरोरा के संग देहरादून पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी अपना जनाधार बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अन्य दलों के नेताओं का भाजपा में शामिल होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और प्रदेश सरकार के कार्यों पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। भट्ट ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार और संगठन की जनहितैषी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाएं। महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दल पूरी तरह दिशाहीन हो चुका है और आगामी चुनावों में उसे फिर से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से वर्ष 2027 में भाजपा लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**संदिग्ध परिस्थितियों में ...**सभासद प्रतिनिधि ने साहस दिखाते हुए युवती की जान बचाने के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया।घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद एवं महिला उप निरीक्षक राजकुमारी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पूछताछ में पता चला कि निशा अग्निहोत्री नाम की यह युवती हाइडिल गेट हल्द्वानी की रहने वाली है। सूत्रों के अनुसार युवती ने भवानीगंज स्थित सेवन इलेवन शोरूम के बाहर यह आत्मघाती कदम उठाया। चर्चा है कि इसी शोरूम में आवास विकास काशीपुर निवासी अविनाश नाम का एक युवक काम करता है, जिसके साथ निशा का प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि निशा शनिवार को अविनाश से मिलने रामनगर आई थी, लेकिन वह शोरूम पर मौजूद नहीं था।यह भी सामने आया है कि घटना से पूर्व निशा और अविनाश के बीच फोन पर काफी बहस हुई थी, जिससे आहत होकर युवती ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। चिकित्सकों ने युवती की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने युवती के परिजनों से संपर्क कर लिया है और युवक अविनाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

**जिस दिन से धामी ...**है, लेकिन इसके नाम पर राजनीति करना और सरकार को बदनाम करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज के मुद्दों को राजनीतिक हथियार बनाना उचित नहीं है।पूर्व विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि अरविंद पांडेय कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी हाईकमान से मांग की कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और जरूरत पड़े तो उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाए।शुक्ला ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है और इसमें अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी नेतृत्व को इस मामले का संज्ञान लेकर उचित निर्णय लेना चाहिए, ताकि कार्यकर्ताओं और आम जनता में गलत संदेश न जाए।इस बयान के बाद क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि आने वाले दिनों में यह मामला और तूल पकड़ सकता है। अब सभी की नजरें भाजपा नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह इस पूरे प्रकरण में क्या रुख अपनाता है।

**स्मैक के साथ...**से वजन करने पर पन्नी सहित कुल वजन 11.88 ग्राम और शुद्ध स्मैक 11.15 ग्राम पाई गई। आरोपी के पास से 600 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह स्मैक को आसपास के नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचने के लिए वहां खड़ा था। पुलिस ने बरामद स्मैक, मोबाइल और नकदी को सील कर कब्जे में ले लिया है। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

**नामधारी ने की पांडे...**संसाधनों से वाहन का उपयोग करते थे और ईंधन का खर्च कहां से आता था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इससे संबंधित बिलों के साक्ष्य मौजूद हैं।नामधारी ने पांडेय से उनकी संपत्ति और जमीनों का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पांडेय को स्वयं आगे आकर सभी तथ्यों को स्पष्ट करना चाहिए।इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है और अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पार्टी नेतृत्व और संबंधित एजेंसियां इन आरोपों पर क्या रुख अपनाती हैं।

**पत्नी मायके से नहीं...** लिया। बाद में चिकित्सालय से समीर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मृतक समीर की पत्नी सावित्री को दे दी गई है।

**गैस सिलेंडर की ....**ढाली, गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह, दिनेश पंत और सौरव राज बेहड़ मुख्य रूप से शामिल रहे। इनके अलावा सुहेल खान, जितेश शर्मा, राकेश अधिकारी, सौरभ शर्मा, राकेश कोली, उमर अली, विकास विश्वास, अमनप्रीत सिंह, सागर छाबड़ा, बाबू अहमद खान, आशित बाला, अशोक राय, अर्जुन विश्वास, अनंत विश्नोई, दिलशाद अहमद, विक्रमजीत सिंह और निशांत शाही सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फ्लाईओवर पर युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा

## कार्रवाई न होने पर कूदने की दी चेतावनी से मचा हड़कंप, वीडियो वायरल



रुद्रपुर। काशीपुर रोड स्थित फ्लाईओवर पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से नाराज होकर फ्लाईओवर पर चढ़ गई और कूदकर जान देने की चेतावनी देने लगी। युवती ने कहा कि यदि शाम 4 बजे तक आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह फ्लाईओवर से छलांग लगा देगी।बताया जा रहा है कि युवती ने हाथ में एक पोस्टर ले रखा था, युवती का आरोप था कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया और अब शादी से इनकार कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उसने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। घटना की सूचना और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद भी युवती नहीं मानी आखिरकार पुलिस ने संयम और सतर्कता के साथ कार्रवाई करते हुए युवती को सुरक्षित फ्लाईओवर से नीचे उतारा और उसे कोतवाली ले गई। पुलिस का कहना है कि युवती की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बैंक कर्मचारी के घर से करीब 17 लाख के सोने चांदी के जेवर और नगदी उड़ायी

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने घर में धावा बोलकर बैंक कर्मचारी के घर से करीब 17 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के दौरान परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। चोरों ने घर के पिछले दरवाजे से प्रवेश किया और घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने मौका मुआयना करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बरा निवासी बैंक कर्मचारी ओमकार के घर पर देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि ओमकार के घर पर पूरब पश्चिम दिशा में दो गेट लगे हुए हैं। बीती रात्रि परिवार के सभी लोग पूरब दिशा में बने कमरे तथा आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान पश्चिम दिशा के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी



का लॉकर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना को अंजाम देकर चोर मौके से फरार हो गए और परिजनों को भनक भी नहीं लगी। सुबह तड़के जब परिवार के लोग नींद से जागे, तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना पर बाद बरा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश भट्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों से हुए नुकसान की जानकारी ली। पीड़ित ओमकार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे 7 तोला वजन के सोने के जेवर, करीब 1 किलो चांदी के जेवर सहित डायमंड की दो अंगूठी एवं करीब 40 हजार की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस टीम ने बारीकी से मौका मुआयना तथा जानकारी हासिल करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल कायम हो गया है।

## बीएसएनएल केंद्र के स्टोर रूम का ताला तोड़कर हुई चोरी

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने देर रात्रि भारत संचार निगम के दूरभाष केंद्र के स्टोर रूम का ताला तोड़कर कीमती सामान चुरा लिया और मौके से फरार हो गए। बीएसएनएल कार्यालय प्रभारी संजीव चौहान की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कार्यालय प्रभारी संजीव चौहान ने बताया कि अज्ञात चोरों ने दूरभाष केंद्र के प्रथम तल पर बने स्टोर रूम का ताला तोड़कर करीब 40 मीटर केविल, मेटल बॉक्स, पावर प्लांट मॉड्यूल, मल्टीमीटर सहित अज्ञात कीमती सामान चुरा लिया। बताया कि सुबह जब कर्मचारी द्वारा कार्यालय खोला गया तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सड़क खुदाई से व्यापारी व राहगीर हो रहे परेशान

नानकमत्ता। गुरुद्वारा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी की सड़क पर की जा रही खुदाई से स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीचों-बीच जेसीबी मशीन से गहरा गड्ढा खोद दिए जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया है और लोगों के लिए गुजरना मुश्किल हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के सड़क खोद दी गई, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। खासकर स्कूल समय में बच्चों और अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छुट्टी के दौरान बच्चों की आवाजाही के बीच यह गड्ढा दुर्घटना का कारण बन सकता है, जिससे अभिभावकों में



चिंता बढ़ गई है।व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क की खुदाई के बाद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।इस संबंध में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका। वहीं यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा इतनी गहरी खुदाई के लिए विभाग से अनुमति ली गई है या नहीं। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रांजिट कैंप से निकली बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिव नगर चामुंडा मंदिर के सामने स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले भव्य श्री श्याम कृपा महोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को शहर में बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान से प्रारंभ हुई इस यात्रा में हजारों की संख्या में उमड़े श्याम प्रेमियों ने बाबा के जयकारों के साथ पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। निशान यात्रा में महाकाल बैंड की धुन और बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया हुआ दिव्य रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।यह भव्य निशान यात्रा ट्रांजिट कैंप मुख्य मार्ग से शुरू होकर शिवनगर, झील के सामने, किच्छा बायपास, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क और महाराजा रणजीत सिंह चौक से होते हुए मुख्य बाजार पहुंची। इसके उपरांत यात्रा भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी रोड और पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए गल्ला मंडी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। इसके पश्चात निशान यात्रा शिव नगर स्थित संकीर्तन स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत किया गया।निशान यात्रा में महंत सोमनाथ जी, महंत अशोक नाथ जी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,



संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुशील गाबा, संजय ठुकराल और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी मुख्य रूप से शामिल हुए। इनके साथ ही रणजीत राणा, पंडित राकेश शर्मा, पार्षद शुभम दास, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, हिमांशु मारवाड़ी, गगन ग्रोवर, करू मंडल, सुनील जालिम, हिम्मत राम कोली, संजय पाठक, विपिन सक्सेना और बाबूराम प्रजापति सहित भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे बाबा का निशान उठाए झूमते नजर आए।इस दौरान सुरजीत गुप्ता, फतेहचंद बंसल, श्रीनिवास गुप्ता, अनुज गंगवार, अजय गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अनिल पाल, प्रकाश गुप्ता, पवन पाल, आकाश जाटव, अर्जुन गुप्ता, सुनील पाल, अंकुश परमार, अवनीश पाल, नमन गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, भानु यादव, सुनील यादव, अंशुल पाल, महेश गुप्ता, डॉ. ललित पाल, सचिन सक्सेना और विशाल गुप्ता सहित अनगिनत भक्तों ने व्यवस्थाओं में सहयोग कर पुण्य लाभ कमाया। आयोजन समिति ने बताया कि कल आयोजित होने वाले मुख्य महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# उत्पीड़न से परेशान महिला ने पति, देवर और ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में एक बार फिर रिश्ते तार तार होने का मामला प्रकाश में आया है पीड़िता ने अपने ही देवर पर गंभीर आरोप लगाएं है यही नहीं महिला द्वारा पति को शिकायत किए जाने पर देवर का साथ देने का भी गंभीर रूप लगाया है। उत्पीड़न से परेशान महिला ने थाना पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। महिला ने अपने पति- देवर और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में थाना अंतर्गत क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि विगत 9 अप्रैल की रात्रि शराब के नशे में उसका देवर पीड़िता के कमरे में घुस आया और उसके साथ गलत हरकत करने लगा। पीड़िता ने विरोध करते हुए आरोपी से खुद को बमुश्किल बचाया और फोन पर अपने पति को घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अगले दिन 10 अप्रैल को उसका पति घर पहुंचा और उसने पीड़िता की मदद करने की बजाय आरोपी देवर का साथ देते हुए महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का प्रयास किया। आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने पीड़िता को जबरन नशीला पदार्थ पिलाया और देवर तथा पति ने पीड़िता से जबरदस्ती की। पीड़िता के विरोध करने पर भी आरोपी नहीं माने। बताया कि 11 अप्रैल को पीड़िता ने अपने मायके पक्ष को घटना की पूरी जानकारी दी, जिसके बाद पीड़िता के परिजन उसके ससुराल पहुंचे। आरोप लगाया कि पीड़िता के परिजनों द्वारा विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से पीडिता एवं उसका परिवार डरा सहमा हुआ है। थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की विवेचना की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अग्रवाल महिला समिति ने राहगीरों को पिलाया शरबत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति द्वारा धार्मिक आस्था और सेवा भाव का परिचय देते हुए खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में आने वाली निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समिति की ओर से छबील लगाकर पदयात्रियों और श्याम प्रेमियों को मीठा शरबत पिलाकर सेवा की गई। अग्रवाल महिला समिति की महामंत्री ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पहुंचने



वाले श्रद्धालुओं की सेवा हेतु यह शिविर लगाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सेवा कार्य में महिला समिति की अध्यक्ष उषा अग्रवाल, महामंत्री व कोषाध्यक्ष सपना मित्तल, मंत्री मंजू अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, लवी, ललिता और भाजपा की जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद रजनी रावत ने सक्रिय योगदान दिया। इस पुनीत कार्य में खाटू श्याम मंदिर समिति से ताराचंद, कैलाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नरेंद्र बंसल और बेदी अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। साथ ही अग्रवाल युवा संगठन से श्रीओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, मुकुल मित्तल, शिवांश अग्रवाल और नितिन अग्रवाल सहित कई युवाओं ने उपस्थित होकर सेवा कार्य में हाथ बंटाया और पुण्य के भागी बने। भीषण गर्मी के बीच शाम प्रेमियों के लिए की गई इस सेवा की मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने सराहना की।

